Tender: 50 12/5/16

E:\C data\Section-II\Tender-Nevida\22-2016.doc1

कार्यालय नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0, भोपाल.

क्रमांकजी0बी0 / दो(22)2015 / 1280 भोपाल, दिनांक 11-5-2016

## निविदा सूचना

स्वास्थ्य विभाग के प्रशिक्षण माड्यूल्स, केयर चार्ट बुकलेट एवं फिलप बुक के मुद्रण कार्य हेतु निर्धारित तकनीकी विवरण अनुसार पेपर सहित पैकिंग एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय हेतु नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में जीवित पंजीकृत गैर सरकारी मुद्रकों से आईटी डिपार्टमेंट की वेबसाइट https://mpeproc.gov.in से ऑनलाईन निविदाएं दिनांक 1–6–2016 अपराह्न 2.00 बजे तक की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं।

2. ऑनलाईन तकनीकी निविदा की हार्डकापी, पेपर नमूनें अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित, शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर सहित की–डेट्स अनुसार कार्यालय में प्रस्तुत करना होगा। ऑनलाईन तकनीकी भाग को दिनांक 1–6–2016 को अपराह्न 3.30 बजे उपस्थित निविदाकारों / उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष पोर्टल से डाउनलोड किया जावेगा एवं हार्डकापी के प्रस्तुत दस्तावेजों को खोला जावेगा एवं कामर्शियल भाग दिनांक 1–6–2016 को अपरान्ह 4.00 बजे खोजा जावेगा।

3. विज्ञप्ति, तकनीकी विवरण, नियम एवं शर्तों को https://mpeproc.gov.in पर अवलोकन हेतु रखा गया है।

4. किसी भी प्रकार का संशोधन / सुधार / परिवर्तन होने की सूचना https://mpeproc.gov.in पर उपलब्ध रहेगी।

( संजीव सिंह )
नियंत्रक,
शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
म0प्र0,भोपाल.

# Key Dates and Time

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | Bid document downloading end date | : | 5.00 PM on 31-5-2016 |
| 2. | Bid closing & last date & time for submission on online Bids | : | 2.00 PM on 1-6-2016 |
| 3. | Last Date & time for submission of Hard Copy of Bids. | : | 3.00 PM on 1-6-2016 |
| 4. | Date of Opening of Technical Bids | : | 3.30 PM on 1-6-2016 |
| 5. | Date of Opening of Commercial Bids. | : | 4.00 PM on 1-6-2016 |

# तकनीकी विवरण एवं शर्ते

| क्र0 | सामग्री | संख्या | पेज संख्या | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | Facility Based Integrated Management of Neonatel and childhood iiiness (F-IMNCI) Participant Manual (Facility Based Care Module 1-3) | 500 नग | 259 | साईज 21 X 28 सेमी, ब्लेक एण्ड व्हाइट, बोथ साईड प्रिंटिंग, टेक्स्ट– 130 जीएसएम आर्ट पेपर, कव्हर– 250 जीएसएम आर्ट पेपर मेट फिनिश, मल्टीकलर प्रिंटिंग, परफेक्ट बाईडिंग। |
| 2 | Facility Based Integrated Management of Neonatel and childhood iiiness (F-IMNCI) Facility Based Care chart booklet | 500 नग | 49 | |
| 3 | Integrated Management of Neonatel and childhood iiiness (F-IMNCI) Participant Manual Module 1-9 | 500 नग | 383 | |
| 4 | Eacility Based Integrated Management of Neonatel and childhood iiiness (F-IMNCI) IMNCI chart booklet | 500 नग | 39 | |
| 5 | NSSK Training Module | 1,500 नग | 104 | |
| 6 | FilpBook | 1,000 नग | 46 | साईज 12 X 18 इंच, 300 जीएसएम आर्ट पेपर, बोथ साईड प्रिंटिंग, फ्रंट साइड मल्टीकलर एंड बैक साइड ब्लेक एण्ड व्हाईट प्रिंटिंग, बेक कव्हर–5एमएम थिंकनेस कार्ड बोर्ड शीट फार फिलप बुक टू स्टेंड ऑन इट्स, एडिसनल ट्रांसपेरेंटस क्वहर टू द फ्रंट एण्ड बैक कव्हर शीट, बायरो बाईडिंग |
| 7 | Resource Material | 3,400 नग | 290 | साईज 21cm X 28cm, 130 जीएसएम आर्ट पेपर, बोथ साईड प्रिंटिंग, मल्टीकलर, कव्हर पेज 180 जीएसएम आर्ट पेपर एंड परफेक्ट बाईंडिंग। |
| 8 | DEIC Operational Guideline | 100 नग | 100 पेज | |
| 9 | Operational uidelines Comprehensive bortion Care Services | 500 नग | 06 पेज | साईज 21 cm X 28 cm, अन्दर के पृष्ठ 120 जीएसएम ग्लोसी पेपर, कव्हर पृष्ठ 140 जीएसएम ग्लोसी पेपर मेट फीनिश, मल्टीकलर बोथ साईड प्रिटिंग,परफेक्ट बाईडिंग। |

1. उपरोक्त तकनीकी विवरण की सामग्री के पेपर सहित मुद्रण, पैकिंग, परिवहन एवं अन्य समस्त कर सहित प्रदाय हेतु नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग में जीवित पंजीकृत गैर सरकारी मुद्रकों से ऑनलाईन निविदा दिनांक 1–6–2016 अपराह्न 2.00 बजे की–डेट्स अनुसार आमंत्रित की जाती हैं। विवरण अनुसार मुद्रण ए ग्रेड पेपर मिलों के पेपर पर किया जाना है। तकनीकी निविदा में प्रस्तुत दस्तावेजों की हार्डकापी की–डेट्स अनुसार अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। तकनीकी निविदा के साथ निम्न दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगाः–

1.1 निविदा निक्षेप राशि (ई.एम.डी.) के रूप मे रूपये 10,000=00 की एफ.डी.आर. नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0, भोपाल के पक्ष में एवं निविदा प्रपत्र के रूप में राशि रूपये 2,000/– का डिमांड ड्राफ्ट नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल के पक्ष में तैयार कर प्रस्तुत करना होगा।

1.2 उपरोक्त तकनीकी विवरण के प्रिंटिंग की मशीनें स्थापित होने के प्रमाण स्वरूप स्थापित मशीन के देयक की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना होगा।

1.3 उपरोक्त तकनीकी विवरण अनुसार उत्कृष्ट नमूना तैयार कर अभिप्रमाणित हस्ताक्षर सहित संलग्न करना होगा।

1.4 तकनीकी निविदा एवं शर्तों पर सहमति स्वरूप निविदाकार के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा।

1.5 उपरोक्त विवरण अनुसार सामग्री मुद्रण के उपयोग में लाये जाने वाले समस्त प्रकार की सामग्री का मानक अनुसार नमूना, पेपर नमूनें पर पेपर निर्माता मिल का नाम, जीएसएम, निविदाकार फर्म के हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा अंकित कर संलग्न करना होगा।

2. विलम्ब से प्राप्त होने वाली निविदा को स्वीकार नहीं किया जायेगा। निविदा का तकनीकी भाग दिनांक 1–6–2016 अपराह्न 3.30 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष ऑनलाईन पोर्टल से डाउनलोड की जावेगी एवं हार्डकापी को खोला जावेगा।

3. तकनीकी भाग के पात्र निविदाकारों का कामर्शियल भाग की–डेट्स अनुसार दिनांक 1–6–2016 अपराह्न 4.00 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। निविदाकर्ता या उसके अधिकृत प्रतिनिधि टेण्डर ओपनिंग के समय अवश्य उपस्थित रहें।

4. मिशन संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, भोपाल के लिए मुद्रित की जानेवाली सामग्री का पेपर सहित प्रूफ का अनुमोदन विभाग से कराने हेतु कार्यादेश प्राप्ति के 5 दिवस के अंदर 2 सेम्पल प्रस्तुत करना होगा। सम्पूर्ण सामग्री का प्रदाय सेम्पल अनुमोदित होने की तिथि से 20 दिवस के अन्दर आपूर्ति अनिवार्यतः रूप से मुद्रित कर विभाग के भोपाल स्थित भंडार में प्रदाय करना होगा तथा देयक तीन प्रतियों में भुगतान हेतु संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा।

5. यदि प्रदाय की गई सामग्री निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार नहीं पायी गई अथवा किसी भी कारण से खराब अथवा उपयोग योग्य नहीं पाई गई तो ऐसी समस्त सामग्री मुद्रक को वापस लेना होगी तथा उसके स्थान पर निर्धारित मापदण्ड एवं गुणवत्ता के अनुसार मुद्रण कर प्रदाय की जाना होगी। इस संबंध में होने वाला समस्त व्यय मुद्रक को वहन करना पड़ेगा।

6. **प्रोसेसिंग फीस रूपये 250=00 एवं सर्विस टैक्स का भुगतान वेबसाइट से ऑनलाईन करने के उपरांत निविदा प्रपत्र डाउन लोड किया जा सकेगा।**

7. **सामग्री कार्टून में पैक कर (5 प्लाई कार्टून, सिंक रेकशसटेन्स पैकिंग में अधिकतम 20 केजी वजन) में मांगकर्ता कार्यालय को F.O.R. सौंपा जाना होगा। इसके लिए पृथक से कोई भुगतान नहीं किया जावेगा।**

–3–

8. मुद्रक द्वारा सामग्री की आपूर्ति उपरान्त देयक मुद्रण कार्य की गुणवत्ता, संख्या, माल प्राप्ति की संतुष्टि/उसकी मात्रा के प्रमाण—पत्र के साथ नमूनें सहित देयक तीन प्रतियों में सत्यापन हेतु संबंधित विभाग को प्रस्तुत करना होगा। देयक का भुगतान संबंधित विभाग द्वारा सीधे मुद्रक को नियमानुसार देयकों पर लगने वाले कर का कटौत्रा कर किया जायेगा।

9. गुणवत्ता में कमी एवं प्रदाय में विलम्ब होने की स्थिति में मुद्रित सामग्री स्वीकार्य नहीं होगी एवं आंशिक विलम्ब की स्थिति में प्रति दिवस ½% तक शास्ति अधिरोपित की जावेगी।

10. सफल निविदाकार को इस कार्यालय से सूचना प्राप्ति के 3 दिवस के अन्दर कुल मुद्रण राशि की 10% राशि का एफ.डी.आर. नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल के पक्ष में 12 माह की अवधि के लिए प्रतिभूति की राशि के रूप में जमा कर तत्काल अनुबंध निष्पादित करना होगा।

11. शासन द्वारा समय—समय पर जारी भुगतान संबंधी प्रतिबंधों या अपरिहार्य परिस्थिति आने के कारण यदि भुगतान में विलम्ब की स्थिति निर्मित होती है तो लंबित भुगतान पर किसी प्रकार का ब्याज देय नहीं होगा।

12. मुद्रक को प्रिंट लाईन विभाग से अनुमोदन कर संक्षिप्त में अंकित करना होगा।

13. यह निविदा आमंत्रण किसी प्रकार का कार्यादेश नहीं है। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक को होगा। इसके अतिरिक्त निविदाओं के आमंत्रण के पश्चात कार्यादेश जारी करने अथवा न करने का पूर्ण अधिकार नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, म0प्र0,भोपाल का होगा।

14. निविदा में उल्लेखनीय है कि जो दस्तावेज चाहे गये हैं, उन दस्तावेजों की विवरण सूची तैयार कर सबसे उपर एवं पृष्ठ संख्या क्रमांकित कर संलग्न करें। उपयुक्त दस्तावेज ही लगावें, अनावश्यक दस्तावेज नहीं लगायें।

15. उपरोक्त कार्य के एवज में समस्त प्रकार की कर अदायगी के एकनॉलेजमेंट प्रस्तुत करने उपरांत ही जमा प्रतिभूति राशि रिलीज की जा सकेगी।

16. किसी भी प्रकार का विवाद की स्थिति में अनुबन्ध के प्रावधानों के अन्तर्गत पंच निर्णय हेतु प्रकरण प्रमुख सचिव, म0प्र0शासन, राजस्व विभाग को भेजा जावेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों पर बंधनकारी होगा। पंच निर्णय हेतु आर्बिट्रेशन एवं काउंसिलिएशन एक्ट 1996 के प्रावधान लागू होंगे।

17. किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र भोपाल रहेगा।

**नोट** :— निविदाकार शर्तों पर सहमति हस्ताक्षर पदमुद्रा सहित अंकित कर तकनीकी निविदा के साथ संलग्न करें।

**( संजीव सिंह )**
**नियंत्रक,**
**शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री,**
**म0प्र0,भोपाल**